Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 18-08-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title : Need to look into promotional avenues of Engineers of NHPC of 2001 batch.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड, जो कि विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उपक्रम है, में वा 2001 बैच के लगभग 300 इंजीनियर्स को नियमानुसार 1 अप्रैल, 2006 से सहायक प्रबंधक के पद पर प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है।

अभी तक वा 2001 के पहले सभी इंजीनियर्स के बैचों को सहायक प्रबंधक के पद पर 5 साल में प्रमोशन दिया जाता रहा है। इस बार लगभग 300 इंजीनियर्स, जो 30 जून 2001 तक सर्विस ज्वाइन किए थे, इनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है तथा उन्हें प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में एनएचपीसी के सीएमडी का व्यवहार भी सकारात्मक नहीं है।

जब एक ही कंपनी के अभी तक के सभी इंजीनियरों को एक अप्रैल, 2006 के पहले तक सहायक प्रबंधक के पद पर प्रमोशन दिया गया है, तो फिर एक अप्रैल, 2006 को 2001 के बैच के लिए क्यों प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है।

राइट आफ इंफोरमेशन एक्ट के अंतर्गत एनएचपीसी के पास उपर्युक्त सारी जानकारी उपलब्ध है, जिससे यह साबित होता है। वा 2001 बैच के पहले सभी इंजीनियर्स को प्रमोशन दिया गया है एवं वा 2001 के बैच के लिए प्रमोशन ड्यू है तथा नियमों को अनदेखा करके वा 2001 बैच के इंजीनियर्स का ह्रासमैंट किया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्रालय के अधीन आने वाली अन्य कंपनियां जैसे एनटीपीसी पावर ग्रिड में समयानुसार प्रमोशन दिया जाता रहा है।

अतः आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि एनएचपीसी के वा 2001 के बैच के इंजीनियरों को प्रमोशन दिलाने की शीघ्र कार्यवाही करें।